Title: Need to ensure that HMT unit at Pinjore in Panchkula district, Haryana is not closed-Laid.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : मैं सरकार का ध्यान 14 अप्रैल के दैनिक ट्रिब्यून की ओर दिलाते हुए कहना चाहूंगा कि मेरे अम्बाला लोक सभा के पंचकुला जिले में एच.एम.टी. की पिन्जौर इकाई 1963 से कार्यरत है। इस इकाई ने जहां राट्रीय औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं पर इस क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार प्रदान कराया था। एक समय इस इकाई में 7000 लोगों को रोजगार प्राप्त था परन्तु अब समाचार पत्र में छपा है कि सरकार धीरे-धीरे कर्मचारियों की छंटनी करके इस इकाई को बंद करने जा रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि पंचकुला जिले में स्थित एच.एम.टी. की पिन्जौर इकाई को बंद न किया जाये।